सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 12.05.2026

- **इटावा पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड करके क्रेडिड कार्ड से निकाले गये पीड़ित के 1,35,784/- रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शत प्रतिशत 1,35,784/- रुपये वापस कराये गये।**
- **एसएसपी इटावा के निर्देशन मे साइबर सेल द्वारा की गयी कार्यवाही।**

जनपद इटावा में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के सबंध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक (अपराध) तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के मार्गदर्शन में साइबर सेल द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीडित के 1,35,784/- रुपये पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण धनराशि वापस करायी गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 08.05.2026 को प्रार्थी/पीडित अजय कुमार पुत्र श्री राम सुन्दर निवासी बसरेहर थाना बसरेहर, इटावा से फ्राडस्टर द्वारा क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1,35,784/- रुपये की धोखाधड़ी कर ली थी जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा **राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP)** पोर्टल पर दिनांक 08.05.2026 को शिकायत दर्ज की गयी। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा महोदय द्वारा साइबर सेल इटावा को घटना का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक (अपराध) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल मार्गदर्शन में साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एव क्रेडिट कार्ड अधिकारी/पेमेण्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से समन्वय स्थापित/वार्ता कर **पीडित की शतप्रतिशत धनराशि रु0- 1,35,784/- पीडित के खाते में वापस कराये गये।**

अपने रूपये वापस पाकर पीडित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए इटावा पुलिस व एसएसपी इटावा की प्रशंसा की तथा साइबर सेल टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस टीमः- उ0नि0 श्री लोकेश कुमार सिंह, हे0का0 विजय कुमार, हे0का0 मनीष कुमार, का0 ब्रजेश गोला।

नोट- इटावा पुलिस द्वारा समस्त जनता से अपील की जाती है कि कोई भी अन्जान व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक या APK फाइल से ऐप डाउनलोड न करें और न ही किसी भी तरह के लालच में आये।

किसी भी प्रकार के साइबर फ्राड होने पर साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930/www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।